04 आरोन कप 2026 सीजन–2 का भव्य शुभारंभ...



07 'दिशा' की बैठक में केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने विकास के लिए कई बड़े...





## समाचार संक्षेप

### जैन मिलन राघौगढ़ द्वारा आयोजित स्वर्ण प्राशन टेबलेट सेवन शिविर संपन्न हुआ

**राघौगढ़** । जैन समाज राघौगढ़ के तत्वावधान में जैन मिलन शाखा राघौगढ़ द्वारा पुष्य नक्षत्र की पावन बेला में 6 वर्ष से 15 वर्ष के बच्चों को स्वर्ण प्राशन टेबलेट सेवन शिविर आयोजित किया गया। शिविर का भव्य शुभारंभ आचार्य विद्यासागर महाराज के चित्र के सम्मुख अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। जैन मिलन राघौगढ़ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार जैन ने सभी का स्वागत किया।



जैन मिलन के शाखा मंत्री विकास कुमार जैन ने बताया इस शिविर में जैन समाज के 35 बच्चों को टेबलेट का सेवन आयुर्वेदिक पद्धति से करवाया गया।इस अवसर पर भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक विजय कुमार जैन पत्रकार, जैन समाज राघौगढ़ के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक कुमार भारिल, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री शीतल चंद कठारी, शिविर संयोजक वीर रुपेश चौधरी पूर्व अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य राजेश कुमार जैन कांट्रेक्टर, युवा मिलन के कोषाध्यक्ष संजय जैन, विपिन जैन,आशीष रावत, अनिल जैन, पवन जैन। महिला जैन मिलन से विजय देवी जैन, राजेश्वरी चौधरी, अनीता जैन, रीना जैन, आकृति जैन चंचल श्रीमाल आदि उपस्थित थे।

### शा.उ.विद्यालय बरसत में कॅरियर मेले का हुआ आयोजन

**राघौगढ़**। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरसत में प्राचार्य गजराज सिंह मीना के मार्गदर्शन में रोजगार उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ.वासुदेव मीना के द्वारा विशेष जानकारी के साथ पारंपरिक शिक्षा के साथ रोजगार से जुड़ी व्यावहारिक संभावनाओं से छात्र-छात्राओं को परिचित कराया गया। वहीं डॉ. सुनीता मीना के द्वारा छात्रों को जीवन में आगे बढ़ाने एवं उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त करने की शिक्षा दी गई। एवं डॉ. साहिब सलीम अली के द्वारा डेंटल के बारे में विशेष जानकारी दी। तथा योग गुरु राजेश द्वारा योग करो-रोग भगाओ पर जोर देने आदि के बारे में बताया। श्रीमीना प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए समय प्रबंधन के साथ पढ़ाई में परीक्षा के समय तनाव से बचा जा सकता हैं। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य तय कर नियमित अध्ययन करने की सलाह दी गई। अंत में कार्यक्रम का समापन एवं आभार कैरियर काउंसलिंग प्रभारी नरेंद्र सिंह लोधा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।




### महाविद्यालय में हुआ वेटलैंड डे पर व्याख्यान

**राघौगढ़**। शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ एवं साइंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में वेटलैंड डे पर एक ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से आयोजन किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.माया परस्ते की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर के पर्यावरण विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. मोहम्मद अल्ताफ खान ने अपने व्याख्यान दिया, उन्होंने बताया कि वेटलैंड डे जैव विविधता के संरक्षण तथा जलवायु संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, उन्होंने झीलों ,दलदलीय क्षेत्रों और नदियों के किनारे स्थित वेटलैंड को बचाने की आवश्यकता पर पर बल दिया । कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय सिंह कुशवाहा एवं संयोजन डॉ राजीव कुमार शर्मा एवं श्रीमती मीना मेवाड़े ने किया । इस अवसर पर सभी शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र- छात्राओं ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सहभागिता की ।









### 38वीं लाल बहादुर शास्त्री स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

# किसी चीज की कमी नहीं है हमारे पास सब कुछ है, यह देश सक्षम हो चुका है : अशोक ध्यानचंद

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

आज मुझे बहुत खुशी इस बात की है कि मैं एक खिलाड़ी के रूप में नहीं बल्कि हॉकी को और आगे बढ़ाने के लिए हूं,हॉकी समिति जो प्रयास कर रही है उस प्रयास का फल यह मिला हमें कि 9 साल के बाद यह एक टूर्नामेंट जो कहीं रुका हुआ था वह आज पूरा संचालित हो रहा है ।हमारे देश के बच्चे हमारे शहर के बच्चे हमारे मध्य प्रदेश के बच्चे देश के लिए खेल सकें। दुनिया की टीमें इस धरती पर आकर खेली है फ्रांस की टीम भी खेली है रसिया खेली है ।तो आने वाले वक्त में स्टेडियम का स्वरूप थोड़ा सा और बदल जाए ऐसी मेरी विनती है हमारे सभी अधिकारियों से हमारे प्रशासनिक अधिकारी भी यहां पर बैठे हुए हैं उन सबको भी मैं नमन प्रणाम करता हूं और यह उम्मीद करता हूं कि आने वाले वक्त में जो गोल्ड मेडल हमारे पास है एक सिल्वर मेडल है ।तेरह मेडल हॉकी के दिए हुए देश के पास में है हमें इसकी संख्या बढ़ानी है ।हमारे देश की सरकार नरेंद्र मोदी साहब हमारे खेल मंत्री जी इसको बहुत उम्मीद की नजरों से देख रहे हैं कि आने वाले वर्षों में भारत के बच्चे प्रतिनिधित्व करेंगे और किसी चीज की कमी नहीं है हमारे पास सब कुछ है ।यह देश सक्षम हो चुका है । यह बात 38 वी स्व श्री लाल बहादुर शास्त्री स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर देश के ख्याति नाम पूर्व हॉकी खिलाड़ी अशोक ध्यानचंद ने कही। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ झंडा वंदन एवं शास्त्री जी और मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण करके हुआ।इसके पश्चात अतिथियों का उद्बोधन हुआ जिसमें क्षेत्रीय विधायक पन्नालाल ने कहा अपना नगर जो है यह जो भूमि है यह अंतरराष्ट्रीय भूमि है या अंतरराष्ट्रीय स्तर के लोग पैदा होते हैं ।नगर पालिका अध्यक्ष और जितने भी पार्षद बैठे हैं उन सब से मेरा एक निवेदन है इस बात को बारीकी से ध्यान रखना यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी जब हॉकी के आ चुके हैं तो उसको हमेशा के लिए हरा भरा रखना । नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी मंशा के अनुसार यह आयोजन कराया जा रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार ने विचार वक्तव्य करते हुए कहा कि शहर में स्पोर्ट्स कंपलेक्स बन रहा है आने वाले दिनों में उसका लाभ खिलाड़ियों को मिलेगा। इसके बाद श्री ध्यानचंद ने प्रतियोगिता के मैच शुभारंभ की घोषणा की तब गुना और सागर की टीमों के बीच भिड़ंत शुरू हो गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच नगर पालिका गुना और सागर के बीच खेला गया। वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी एवं पार्षद शेखर वशिष्ठ ने मैच का प्रतिवेदन पढ़ा। कड़े मुकाबले में गुना की टीम ने तालमेल भरा खेल दिखाया और सागर को 3-1 से शिकस्त दी। मैच के अंत में नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंगलवार को टूर्नामेंट में तीन मैच खेले जाएंगे, जिसमें मुख्य मुकाबला गुना और ग्वालियर के बीच होगा। कार्यक्रम में जिला हॉकी संघ के सचिव बृजेश दुबे,नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ट समेत शहर के तमाम पूर्व हॉकी खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।



## गुना में बदमाश बेखौफः पुलिस चौकी के गेट तोड़े, शासकीय कुर्सियों को भी तोडा, चार पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

गुना जिले के अंदर बदमाश बेखौफ नजर आ रहे हैं! आए दिन मारपीट की घटनाएं सामने आ रही है। ताजा मामला पुलिस चौकी के अंदर घुसकर युवक की मारपीट की, पुलिस चौकी का गेट तोड़ा और शासकीय कुर्सियों को भी तोड़ा गया इस मामले में पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया है ।फरियादी अकील मोहम्मद पुत्र न्याज मोहम्मद उम्र 37 वर्ष निवासी तलैया मोहल्ला गुना ने रिपोर्ट किया कि दिनांक 01.02.26 के सुबह करीबन 10.30 बजे की बात है मैं जिला अस्पताल परिसर में अपनी एंबुलेंस में बैठा था तभी राजू , अंशू , लाखन व मधू चारों आये और पुरानी रंजिश पर से चारों मुझे मां बहिन की गंदी गंदी गालियां देने लगे मैंने गालियां देने से मना किया तो चारों ने मेरी लात घूसों व थप्पडों से मारपीट की तब मैं इन लोगों से बचने के लिये भागकर जिला अस्पताल में स्थित पुलिस चौकी में घुस गया और मैंने अंदर से गेट बंद कर लिये तो ये चारों लोग पुलिस चौकी का गेट तोडकर अंदर घुस आये व चौकी में भी मेरी मारपीट की जिससे मुझे बायीं जांघ , सीने में , पीठ में मुंदी चोटें आई और चौकी में रखी शासकीय कुर्सी व टेवल तोड दिये जिससे शासकीय संपत्ति का नुकशान हुआ तभी मेरा बडा भाई जमील व शरीफ खान मौके पर आ गया थे जिन्होंने घटना देखी व बीच बचाव किया । पुलिस ने चार लोगों पर बीएनएस की धारा 115(2), 296(a), 3(5), 324(3) मे मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया है ।




## कुत्तों का आतंक,आधा दर्जन लोगों को लहूलुहान किया

### दहशत में रहवासी खूंखार कुत्तों के कारण बिना आहार लिए लौटे जैन मुनि

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

शहर में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आमजन, खासकर बच्चे और बुजुर्ग दहशत में हैं। पिछले दो-तीन दिनों के भीतर हनुमान कॉलोनी और राधा कॉलोनी क्षेत्र में दो कुत्तों के हमलों में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कॉलोनी में आहारचर्या के लिए पहुंचे जैन मुनि को भी कुत्तों के के कारण वापस लौटना पड़ा।

हालांकि जैन समाज अध्यक्ष संजय जैन कामिनी ने ऐसी घटना से इनकार किया है। स्थानीय निवासी प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि वे मंदिर से लौट रहे थे, तभी पीछे से एक कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया और पैर को मुंह में भर लिया। हमले में उनका पैर बुरी तरह जख्मी हो गया। प्राथमिक उपचार के लिए उन्हें अस्पताल में एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगवाना पड़ा। प्रकाश अग्रवाल का कहना है कि बीते दो दिनों में आधा दर्जन से अधिक लोगों को इन्हीं कुत्तों ने काटा है। कॉलोनी में दो कुत्ते लगातार लोगों पर हमला कर रहे हैं। इस समस्या को लेकर तीन-चार बार सीएम हेल्पलाइन पर



शिकायत की गई, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से यह जवाब मिला कि उनके पास फिलहाल टीम उपलब्ध नहीं है।

घटना की सूचना मिलने पर नेता प्रतिपक्ष एवं वार्ड पार्षद शेखर वशिष्ठ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके वार्ड में एक-दो कुत्ते लगातार लोगों पर हमला कर रहे थे। वे हॉकी टूर्नामेंट में व्यस्त थे, लेकिन सूचना मिलते ही तत्काल क्षेत्र में पहुंचे और वार्ड प्रभारी बंटी खरे को अवगत कराया। इसके बाद नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर कुत्ते को पकड़ लिया। वार्डवासियों ने बताया कि कुत्तों के भय से जैन समाज के संतों को भी आहारचर्या अधूरी छोड़कर लौटना पड़ा, जो अत्यंत दुखद है। शेखर वशिष्ठ ने नगरीय प्रशासन से मांग की है कि शहरभर में बड़े पैमाने पर रेस्क्यू अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ा जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### बीनागंज में सड़क हादसे के बाद खूनी संघर्ष

## बोलेरो चालक और परिजनों के बीच जमकर चले लाठी-डंडे

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

जिले के चांचौड़ा थानांतर्गत बीनागंज के अंबेडकर चौक क्षेत्र में रविवार रात एक सड़क हादसे ने हिंसक रूप ले लिया। बुलेरो की टक्कर से एक बुजुर्ग के घायल होने के बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें कई लोग लहूलुहान हो गए।

पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर क्रॉस मामला दर्ज किया है। घटना में पहले पक्ष के फरियादी हंसराज झावा ने बताया कि रात करीब 11:45 बजे उनके घर पर महिला संगीत का कार्यक्रम चल रहा था। उनके पिता रमेशचंद्र झावा सड़क पार कर रहे थे, तभी अंबेडकर चौक की ओर से आ रही तेज रफ्तार बुलेरो एमपी 13 सीसी 2583 ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग के हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गुना रेफर कर दिया गया। टक्कर के बाद लाठी-डंडों से हमला और तोडफ़ोड़ वहीं, दूसरे पक्ष के बुलेरो चालक नारायण शाक्यवार का आरोप है कि टक्कर के बाद रमेशचंद्र के परिजनों यश, अन्ना, बंकू और संजू झावा ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने नारायण और उनके दोस्तों भूपेंद्र व अभिषेक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में तीनों युवकों के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपियों ने बुलेरो में भी जमकर तोडफ़ोड़ की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ट्रेन में सफर कर रहे मुरैना के दंपती का बैग चोरी

### सोने की चेन और नकदी सहित करीब 1 लाख का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

कोटा-इटावा एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक दंपत्ति चोरी की वारदात का शिकार हो गए। अज्ञात बदमाश ने चलती ट्रेन में महिला के सिर के पास रखा लेडीज बैग पार कर दिया। जीआरपी शिवपुरी द्वारा शून्य पर मामला दर्ज करने के बाद अब जीआरपी गुना ने असल अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### म्याना स्टेशन के पास हुई वारदात

फरियादी अमृतलाल राजौरिया निवासी मुरैना ने बताया कि वह अपनी पत्नी विट्टो के साथ सोमवार को ट्रेन संख्या 19811 (कोटा-इटावा एक्सप्रेस) के कोच एस-4 में बारां से ग्वालियर की यात्रा कर रहे थे। सफर के दौरान गुना स्टेशन तक बैग उनके पास ही था, लेकिन जैसे ही ट्रेन म्याना स्टेशन के पास पहुंची, उन्होंने देखा कि पत्नी के सिर के पास रखा बैग गायब है।




### लाखों के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ

चोरी गए लेडीज बैग में 19 ग्राम सोने की चेन, 16 सोने के मोती, नाक का कांटा, चांदी की चूड़ियाँ और बिछिया के साथ 18 हजार रुपये नगद रखे थे। इसके अलावा 14,500 रुपये कीमत का एक रियलमी कंपनी का मोबाइल भी बैग में ही था। कुल मिलाकर करीब एक लाख रुपये से अधिक का कीमती सामान चोरी हुआ है। जीआरपी गुना ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ धारा 305 (सी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एनसीसी डी कंपनी ने विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2026 पर चलाया जागरूकता अभियान

# संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने बताए आर्द्रभूमियों के महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

35वीं वाहिनी एनसीसी शिवपुरी के कमान अधिकारी कर्नल विजयवीर सिंह धईया के आदेशानुसार तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.के. तिवारी एवं डी कंपनी के सहयोगी एनसीसी अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार भिरोरिया के मार्गदर्शन में महाविद्यालय एनसीसी इकाई डी कंपनी द्वारा "विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2026" का आयोजन किया गया।

इस वर्ष की थीम "Revive and Restore Wetlands" (आर्द्रभूमियों का पुनर्जीवन एवं संरक्षण) रही।भुजरिया तालाब तक निकाली गई जागरूकता रैलीकार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम महाविद्यालय परिसर से मध्यप्रदेश शासन द्वारा गुना जिले में घोषित विश्व आर्द्र क्षेत्र भुजरिया तालाब तक एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आमजन को आर्द्रभूमियों के संरक्षण, संवर्धन और उनके पर्यावरणीय महत्व के प्रति जागरूक किया गया।सेमिनार हॉल में आयोजित हुई संगोष्ठीइसके पश्चात महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जन्तु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विकास पित्रे उपस्थित रहे। उन्होंने आर्द्रभूमियों के पारिस्थितिक संतुलन, जैव विविधता संरक्षण एवं पर्यावरणीय महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। पीपीटी प्रस्तुति से दी गई जानकारीअन्य वक्ताओं में डॉ. तेजेंद्र नागर एवं सीनियर अंडर ऑफिसर सुरक्षा यादव रहीं, जिन्होंने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से विश्व आर्द्रभूमि दिवस के उद्देश्य एवं महत्व की विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम संचालन एवं आभार प्रदर्शनकार्यक्रम का संचालन सीनियर अंडर ऑफिसर सुरक्षा यादव द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. विकास जैन ने किया।बड़ी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी रहे उपस्थितइस अवसर पर डॉ. प्रवीण चौधरी, डॉ. ॠचा रजक, डॉ. मधु राजपूत सहित एनसीसी, एनएसएस एवं गणित विभाग के सदस्य तथा लगभग 160 विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष ने ली ग्राम वन समिति सदस्यों की बैठक

गुना। भारत के राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य 31 जनवरी से 02 फरवरी 2026 तक गुना जिले के प्रवास पर है। इसी क्रम में गुना वन मंडल कार्यालय में गुना जिले के अंतर्गत सभी ग्राम वन समिति के सदस्यों का विशाल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष ने सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने समिति सदस्यों की विभिन्न प्रकार की समस्याएं सुनी और शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। जिले अंतर्गत कई सदस्यों ने अपनी समस्या अध्यक्ष श्री आर्य के समक्ष रखी जिस पर मौके पर ही उन्होंने ने संबंधित अधिकारी को निराकरण के निर्देश भी दिए। सम्मेलन की औपचारिक शुरुआत गुना वन मंडल अधिकारी अक्षय राठौर द्वारा पीपल का पौधा भेंटकर अध्यक्ष श्री आर्य का स्वागत किया गया। जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा शमी का पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया। संवाद कार्यक्रम का आयोजन गुना वन मंडल अधिकारी अक्षय राठौर (भा.व.से.) के निर्देशन में एवं उपवन मंडल अधिकारी नीरज निश्चल (भा.व.से.) के मार्गदर्शन में गुना के सभी वन परिक्षेत्र के वन परिक्षेत्र अधिकारियों द्वारा किया ।

## खबर संक्षेप

### जुए के अडडे पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत पुलिस ने ग्राम बिजौरी की अनुसूचित वस्ती में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए पंचम सिंह यादव, देशराज अहिरवार, हरिओम श्रीवास्तव, रामकुमार राय, अभि अहिरवार, गोलू अहिरवार, अजय यादव, दीपक शर्मा, गणेश राम प्रजापति को गिरफ्तार किया है । जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी और 6900 रुपए जब्त किए हैं।

### फसलों की रक्षा हेतु सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया

**अशोकनगर।** जिले में बे मौसम बारिश की कुदरत की अनिष्ट शांति हेतु सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। पंडित किशनलाल मिश्र ने बताया कि बे मौसम बारिस से फसलों के बचाव की प्रार्थना की जाएगी। उन्होंने बताया कि 10 दिसंबर से जो मांगलिक कार्यक्रम बंद थे जो की 13 दिसंबर को शुक्रास्त हुए थे और 14 दिसंबर को धन के सूर्य आने से यह कार्यक्रम बंद थे वही गुरु एवं शुक्र देव दिनांक 2 फरवरी 2026 में पश्चिम में शाम को 9:15 पर उदित हो रहे हैं जिसके कारण दिनांक 3 फरवरी 2026 से ही मांगलिक कार्यक्रमों का उदय हो जाएगा। इसी शुभ अवसर पर गृह प्रवेश गृहारंभ जला खनन विवाह आदि शुभ कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। मकर के और कुंभ के सूर्य में यह शुभ कार्य चैत्र कृष्ण पक्ष दशमी तिथि यानी की 14 मार्च 2026 तक चलेंगे। इसके बाद एक महीना के लिए फिर विराम लग जाएगा। मांगलिक कार्यक्रम में मीन के सूर्य आ जाने से हिंदू धर्म मानता अनुसार शुक्र गुरु के अस्त में एवं धनु राशि के और मीन राशि के सूर्य में मांगलिक कार्यक्रम बंद रहते हैं।

45 करोड़ से बनेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, तुलसी सरोवर व थीम रोड के लिए 40 करोड़ स्वीकृत

# 'दिशा' की बैठक में केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने विकास के लिए कई बड़े निर्णय लिए



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को अशोकनगर कलेक्ट्रेट में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने अशोकनगर के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णयों की घोषणा की। केन्द्रीय मंत्री ने अशोकनगर के लिए रोजगार, सिंचाई और इन्फ्रास्ट्रक्चर सहित कई क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं की जानकारी दी। इस बैठक में जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### 'दिशा' बैठक में तय हुई अशोकनगर के विकास कार्यों की स्पष्ट समय-सीमा

अशोकनगर की गहन दिशा बैठक के दौरान केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जिले के समग्र विकास, प्रशासनिक कार्यप्रणाली और जनसेवा की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, पेयजल, अधोसंरचना, रोजगार, उद्योग और नगरीय विकास से जुड़ी योजनाओं की वस्तुस्थिति पर चर्चा हुई तथा विभिन्न विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। केन्द्रीय मंत्री ने निम्नलिखित परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी।

### जिला अस्पताल में 40 पद भरे गए

100 बिस्तर वाले अस्पताल में रिक्त पदों में से 40 पद (पीडिया ट्रिशियन, मेडिकल ऑफिसर, नर्सिंग स्टाफ) भर दिए गए हैं। साथ ही, 300 बिस्तर वाले नए अस्पताल को मई 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है, जिसके लिए अग्रिम स्टाफ स्वीकृति के निर्देश दिए गए हैं।



### योजना पूरे होने पर अशोकनगर और गुना के 812 ग्रामों को मिलेगा लाभ

550 करोड़ की 'चंदेरी माइक्रो इरिगेशन परियोजना' को जून 2026 तक पूर्ण करने की समय-सीमा तय की गई है। वहीं, 1,572 करोड़ की 'राजघाट वाटर सप्लाई स्कीम', जिससे 812 गाँवों को लाभ मिलेगा, को दिसंबर 2026 तक पूरा करने के निर्देश दिए गएं।

### इंफ्रास्ट्रक्चर और सौंदर्यीकरण पर दिया गया खास ध्यान

केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि भाजपा सरकार अशोकनगर के सौंदर्यीकरण और इंफ्रास्ट्रक्चर पर खास ध्यान दे रही है। इस बैठक में इन मुद्दों पर बड़े निर्णय लिए गए हैं। सिंधिया ने बताया कि शहर में 45 करोड़ की लागत से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण तीन चरणों में किया जाएगा। साथ ही तुलसी सरोवर एवं थीम रोड सहित शहर सौंदर्यीकरण के लिए 40 करोड़ की योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि शाडोरा से करीला माता मार्ग (55 किमी) को दिसंबर 2026 तक पूर्ण किया जाएगा, जबकि कुरवाई मुंगावली चंदेरी मार्ग (81 किमी) को जून 2026 तक जनता को समर्पित किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से जिले के सर्वांगीण और समावेशी विकास को गति दी जा रही है। जिला मुख्यालय स्थित विधि महाविद्यालय में संचालित कॉल सेंटर में स्थानीय 505 नौजवानों को रोजगार मुहैया कराया गया है। कॉल सेंटर बच्चों के भविष्य का सहारा बन रहा है। यह बात केन्द्रीय संचार एवं पूर्वत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कॉल सेंटर के भ्रमण के दौरान कही।

उन्होंने कॉल सेंटर में नौजवानों से संवाद करते हुए कॉल सेंटर संचालन की गतिविधियो के बारे में विस्तार से जानकारी ली। नौजवानों ने बताया कि कॉल सेंटर में रोजगार पाकर हम सभी धन्य है। यहां पर धैर्य, अनुभव एवं बात करने का तरीका सीखने को मिला है।

पद एवं गोपनीयता की ली शपथ

## अशोकनगर का गौरव सीमा अग्रवाल बनी प्रांतीय अध्यक्ष



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

ऑल इंडिया लीनेश क्लब जिला आरएम-1 स्वयं सिद्धा वर्ष 2026 की प्रथम कैबिनेट मीटिंग शपथ ग्रहण समारोह के साथ रविवार को स्थानीय मंगल गार्डन में भव्य रूप से आयोजित की गई। अग्रवाल परिवार की ओर से सीमा गिरीश अग्रवाल ने प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में शपथ ली। कार्यक्रम में पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नवगठित कैबिनेट ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।

प्रांतीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह कंवर, जयपुर से मल्टीपल अध्यक्ष अंजना सिंघल मुख्य अतिथि, जिला सीईओ अंजना जैन शपथ विधि अधिकारी, स्वग्रही निवर्तमान अध्यक्ष, मल्टीपल सचिव पूजा जैन, प्रांतीय मेंटोर डॉ कल्पना भार्गव, डॉ रजनी शुक्ला प्रांतीय प्रशासनिक सचिव, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, मीरा जैन और होस्ट क्लब अध्यक्ष अलका अग्रवाल ने मंच सुशोभित किया। मां सरस्वती की वंदना अपने मीठे स्वरों से मंत्र मुक्त किया प्रीति बंसल ने एवं ध्वज वंदना के साथ राष्ट्रीय गान प्रियंका अग्रवाल, भगवान राधाकृष्ण की मनोहर छवि को लेकर रंगारंग कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में सीमा अग्रवाल की स्वागत क्लब के सदस्य द्वारा और अतिथियों का स्वागत क्लब के बैंड द्वारा क्लब के सदस्यों ने किया। उनके परिवार साथ सुंदर मनमोहन एंट्री हुई जिसे सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। इसी खुशी में क्लब के सदस्यों पर देश प्रेम और राष्ट्रभक्त से ओतप्रोत नृत्य प्रस्तुत किया क्लब सदस्यों द्वारा पत्रकारिता जगत से आए हुए सभी पत्रकारो का सम्मान प्रांतीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल द्वारा किया गया। डायरेक्टरी विमोचन चीफ एडिटर संगीता अग्रवाल रश्मि अग्रवाल पिन का विमोचन गतिविधि सचिव प्रिया खुराना, सहगतिविधि सचिव रश्मि जैन द्वारा करवाया गया सह प्रशासनिक सचिव लवली रघुवंशी उपस्थित रही। प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी गंगा रघुवंशी संगीता अग्रवाल द्वारा मंच संचालन किया गया।

# सामाजिक अधिकारिता शिविर में दिव्यागों को केन्द्रीय मंत्री ने कृत्रिम उपकरणों बांटे





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

नवरत्न दिव्यांगजनों के जीवन का मार्ग प्रशस्त करना एक मात्र उद्देश्य है। इस आशय के विचार केन्द्रीय संचार एवं पूर्वत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को शासकीय विधि महाविद्यालय ग्राउंड ग्राम मारूप अशोकनगर में आयोजित सामाजिक अधिकारिता शिविर में निःशुल्क सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि आज का यह शिविर ऐतिहासिक है हमारे क्षेत्र के नवरत्नों से मिलने का मौका मिला है। दिव्यांगजन का कैम्प सेवा का एक संगम है। साथ ही संवेदना का सम्मान करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि सिंधिया परिवार की पृष्ठभूमि भारत माता की सेवा, जनता की सुरक्षा,जनजन के विकास में योगदान देने की परम्परा रही है। हमारा दायित्व है कि अपने क्षेत्र के एक एक नागारिक का ध्यान रखकर कर विकास और प्रगति की राह पर आगे ले जाएं। उन्होंने कहा कि एलम्कों पूरे देश में दिव्यांगों की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र के 8240 नवरत्न दिव्यांगों के लिए कृत्रिम उपकरणों का वितरण कराया जा रहा है। उन्होंने दिव्यांगों को हर क्षेत्र में आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया।

### केन्द्रीय मंत्री ने किया दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंगों का वितरण



भारत सरकार की एडिप एवं वयोश्री योजनान्तर्गत जिला प्रशासन द्वारा आयोजित शिविरों में जिले के कुल 1456 चिन्हाकिंत दिव्यांग एवं वृद्धजनों को 01 करोड़ 61 लाख रूपये की राशि के 5172 जीवन सहायक उपकरणों का वितरण केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया किया गया। इस दौरान दिव्यांग एवं वृद्धजनों को मोट्रेट ट्रायसाईकिल, ट्रायसाईकिल, व्हीलचेयर,श्रवण यंत्र, बैसाखी तथा अन्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव,चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, पूर्व विधायक जजपाल सिंह,कलेक्टर साकेत मालवीय,पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बडी संख्या में दिव्यांगजन एवं वृद्धजन उपस्थित रहे।



## शहर में सुबह वर्षा, दिन में मौसम खुला, शाम को फिर बादल छाए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

शहर में इन दिनों तीन तरह का मौसम चल रहा है जिसमें ठण्ड, वर्षा और गर्मी भी एक साथ चल रही है। मौसम की बदली हुई बयार बसंत का संदेश भी दे रही है। सोमवार को सुबह की भोर में रिमझिम वर्षा हुई, दोपहर में मौसम खुला रहा, और शाम को फिर आकाश पर बादलों का डेरा देखा गया।

जिले में कब मौसम करबट बदल ले इसका कोई भरोसा नहीं है, लोग समझ रहे थे कि ठण्ड की विदाई हो गई है और ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो गया है लेकिन ऐसा नहीं है। मौसम हर रोज बदल रहा है पिछले 10 दिनों से शहर के लोग मौसम खुलने का इंतजार कर रहे हैं लेकिन बार बार मौसम का मिजाज सिस्टम बदलने से बदल रहा है। सोमवार की सुबह अशोकनगर शहर में वर्षा का मौसम देखा गया। इस दौरान रिमझिम वर्षा हुई, वर्षा फिर थमी फिर से शुरू हो गई लेकिन दोपहर पूरी तरह मौसम खुला रहा, खूब धूप निकली, लेकिन शाम होते ही फिर आकाश में बादल छा गए। बदलते और बिगड़ते मौसम के कारण किसान भी चिंतित हैं क्योंकि इस समय किसानों की फसलें खेतों में खड़ी हैं। बीच में मावटे की वर्षा भी हो चुकी है और जिले के कईं ग्रामों में ओला वृष्टि भी हुई थी लेकिन बादल अभी छटे नहीं है। अधिक कपड़े पहनने के कारण दोपहर में धूप में बैठते ही गर्मी का एहसास होने लगता है। बदले हुए इस मौसम के कारण शहर के लोग सर्दी,जुखाम, बुखार जैसी बीमारियों से गुजर रहे हैं।

कर्जा व ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद के बाद किसान ने दी थी जान

## किसान की मौत के बाद अमला पहुंचा गांव, ली जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**



कर्जा एवं ओलावृष्टि से फसले बर्बाद किसान ने खेत पर ही दे दी जान को लेकर प्रशासन का अमला गांव में पहुंचा। प्रशासन ने यहां पहुंचकर फसलों का निरीक्षण किया और किसान की मौत के मामले में जानकारी ली।

जिसमें ग्राम पटवारी एवं सहायक कृषि विस्तार अधिकारी से ओलावृष्टि से फसल नुकसानी का संयुक्त जॉच प्रतिवेदन लिया गया। प्रतिवेदन अनुसार ग्राम महोली स्थित भूमि सर्वे कमांक 29/1/3 रकवा 1.416 हे0 जसवन्त सिहं पुत्र शिवराजसिह जाति दांगी सर्वे नम्वर 29/2 रकवा 2.700 हे0 में शिवराज पुत्र लक्ष्मणसिहं जाति दांगी हिस्सा रकवा 0.610 हे० तथा सर्वे क्रमांक 137/3 रकवा 0.102 हे0 रामबाबू पुत्र शिवराजसिह दांगी हिस्सा रकवा 2.090 हे० निवासी ग्राम भूमिस्वामी तथा सर्वे कमांक 115/3/2 रकवा 1.254 हे0 राजेश पुत्र शिवराजसिह जाति दांगी निवासी ग्राम भूमि स्वामी वर्तमान कम्पयूटर अभिलेख वर्ष 2025-26 में दर्ज है। उक्त समस्त कृषि भूमि यूको बैंक मल्हारगढ मे बंधक है। संयुक्त दल ग्राम पटवारी तथा कृषि विस्तार अधिकारी के द्वारा मौके पर ग्राम पंचो के समक्ष खेत पर निरीक्षण किया गया।

उक्त सर्वे क्रमांक 29/1/3 में रकवा 0.627 हे0 में चना 0.789 हे0 में मसूर, सर्वे नम्बर 29/2 में रकवा 2.700 हे0 में गेहू सर्वे क्रमांक 115/3/2 रकवा 1.254 हे0 में गेहू की फसल एवं सर्वे कमांक 137/3 रकवा 0.102 हे0 में मकान एवं जोकरा की फसल बोई गई है। उक्त सभी फसलो में वर्तमान मे किसी प्राकर की कोई क्षति नही है। सभी फसले स्वस्थ है। किसान के स्वयं के नाम 0.712 हे0 कृषि भूमि दर्ज है और संयुक्त परिवार की कुल भूमि 5.472 हे0 तथा परिवार मे तीन पुत्र एक विवाहित, दो आविवाहित पुत्र एक पुत्री विवाहित तथा पत्नि है। स्वयं की भूमि पर 6060 का पक्का मकान बना है मृतक की मृत्यु पश्चात संयुक्त परिवार में एक विवाहित पुत्र सहित अब कुल 05 सदस्य है। परिवार में मृतक एवं उसके पुत्र रामबाबू दोनो को पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त है। किसान क्रेडिट कार्ड का भी लाभ प्राप्त हो रहा है।

तहसील बहादुरपुर के ग्राम महोली निवासी किसान शिवराज सिह पुत्र लक्ष्मणसिह जाति दांगी की मृत्यु होने पर मृतक की पत्नी मुन्नीबाई को प्रशासन द्वारा 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह राशि तहसीलदार बहादुरपुर श्री कैलाश चन्द्र मालवीय द्वारा सोमवार को मृतक के निवास पर पहुंचकर प्रदान की गई।

### गणतंत्र दिवस पर यूनियन बैंक शाखा में ध्वजारोहण नहीं हुआ

**पिपरई।** 26 जनवरी को पूरे देश में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, वहीं पिपरई नगर स्थित यूनियन बैंक शाखा में इस अवसर पर ध्वजारोहण नहीं किया गया, जिससे लोगों में चर्चा का विषय बना है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर सभी शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थानों में ध्वजारोहण किया जाना परंपरा और नियमों के अंतर्गत आता है, लेकिन यूनियन बैंक शाखा में इस दिशा में कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। इस संबंध में बैंक प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। इस विषय में जब शाखा प्रबंधक से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने फोन नहीं उठाया, नागरिकों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि भविष्य में राष्ट्रीय पर्वों पर सभी संस्थानों में नियमों का पालन सुनिश्चित किया।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केन्द्रीय बजट को बताया 'विकसित भारत' का रोडमैप

# ऑरेंज ईकॉनोमी पर विशेष ध्यान करेगा भविष्य की जरूरतों को पूराः सिंधिया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज अशोकनगर कलेक्ट्रेट में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए केन्द्रीय बजट 2026-27 को 'विकसित भारत' का स्पष्ट रोडमैप बताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह बजट भारत की जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट है जिसमें विकसित भारत के राष्ट्रीय संकल्प को जमीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में निर्णायक कदम हैं। यह बजट प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप देश की आर्थिक मजबूती, अधोसंरचना विस्तार और भविष्य की तकनीकों का रोडमैप प्रस्तुत करता है।

### समृद्ध भारत का रोडमैप है बजट

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चैथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और 2027 तक तीसरे स्थान की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों से भारत विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। भारतीय अर्थव्यवस्था और बजट की प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि भारत की




जीडीपी पिछले दस वर्षों में 2 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 4.3 ट्रिलियन डॉलर हो चुकी है। अप्रैल से दिसंबर के बीच महंगाई दर घटकर मात्र 1.7 प्रतिशत रही है, जो विश्व में सबसे कम है। राजकोषीय घाटे को 4.4 प्रतिशत तक सीमित रखा गया है और अगले वर्ष इसे 4.3 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य है। इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश को 2014 के 2 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 12 लाख करोड़ रुपये तक पहुँचाया गया है। बजट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर (10 नए फैब्स) और 'ऑरेंज इकोनॉमी' (ऑडियो- विजुअल एवं गेमिंग) पर विशेष ध्यान दिया गया है। उत्तर-पूर्वी राज्यों के बजट में 50ः की वृद्धि करते हुए 6,800 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है तथा टेलीकॉम क्षेत्र के लिए 72,000 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।

### भविष्य की जरूरतों को रखा गया है ध्यान

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार का यह बजट सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को धरातल पर उतारने वाले बजट है जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री ने हर परिवार, हर समाज और हर वर्ग के लिए संसाधनों और अवसरों की बात की है। मोदी सरकार ने बजट में टैक्सटाइल से लेकर, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कृषि, सेवा और शिक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों के लिए तो बड़ी घोषणाएं की है लेकिन साथ में उन्होंने आगामी भविष्य की जरूरतों को देखते हुए कंटेंट क्रिएटर्स, पर्यटन और एआई के लिए सौगातों की बौछार कर दी है। यह सभी घोषणाएं दर्शाती हैं कि यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित और स्वावलंबी भारत के संकल्प को धरातल पर उतारने के कर्तव्य को पूरा करने वाला बजट है।

### सिंधिया ने जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्षों की ली बैठक

**अशोकनगर।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को भाजपा कार्यालय पर नवीन जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक ली। इस दौरान विकसित भारत के संकल्पों को साकार करने वाले विभिन्न विषयों एवं संगठनात्मक ढांचा को सुदृढ़ करने के लिए सार्थक संवाद हुआ। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी विधायक बृजेंद्र सिंह यादव सहित अपेक्षित कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## जनहितैषी कार्यों से होगा आम जनता को लाभ

# ब्यावरा विधानसभा में 2.92 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को और तेज करते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने ग्राम पंचायत भीलवाड़िया, पुनरखेड़ी, रलायती एवं बरखेड़ी में लगभग 2 करोड़ 92 लाख की लागत से पूर्ण एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इन विकास कार्यों में सामुदायिक भवन, पंचायत भवन, पुलिया निर्माण, भीलवाड़िया स्कूल में बालिकाओं के लिए शौचालय, स्टॉप डैम, चेक डैम तथा सीसी रोड निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। ये परियोजनाएं ग्रामीण अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मील का पत्थर सिद्ध होंगी।

इस अवसर पर मंत्री पंवार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में आज भारत विश्व पटल पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री विश्व के सबसे लोकप्रिय जननेताओं में से एक हैं और उनके मार्गदर्शन में देश विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक सम्मान की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ब्यावरा विधानसभा में विकास कार्य निरंतर गति से प्रगति पर हैं। सड़क, भवन, पेयजल, बिजली और ग्रामीण अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं समय पर मिल सकें और ग्रामीण जीवन स्तर में वास्तविक सुधार हो। मंत्री पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार विकास के हर क्षेत्र में ठोस, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी कार्य कर रही है। सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे और प्रदेश के गांव आत्मनिर्भर बनें।



### मंत्री पंवार ने केंद्रीय बजट को बताया ऐतिहासिक

इस दौरान मंत्री पंवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 की प्रशंसा करते हुए इसके लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बजट "अर्थ से सामर्थ्य तक, अंत्योदय से अभ्युदय तक और साधन से समाधान तक" की एक स्वर्णिम यात्रा है। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह बजट अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के तहत घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहन, ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने, आयात पर निर्भरता कम करने, रोजगार सृजन, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, लोगों की क्रय शक्ति मजबूत करने तथा शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के लिए अहम प्रावधान किए गए हैं। यह बजट देश और प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों को नई गति देगा।

### संत रविदास को किया नमन

कार्यक्रम के अंतर्गत मंत्री पंवार ने ग्राम पनाली में संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज की जयंती के पावन अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पमाल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी महाराज का जीवन और दर्शन समता, सेवा, करुणा और सामाजिक समरसता के महान मूल्यों से प्रेरित रहा है। उनके द्वारा दिया गया मानवता और समानता का संदेश आज भी समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, जसवंत गुर्जर, रामनारायण दांगी, मान सिंह, राधेश्याम यादव, श्री राधे दांगी, दिनेश शिवहरे, कमल पंवार, अशोक जाट, तहसीलदार सुभाष अलावे, एसडीओ प्रवीण भील सहित जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## भ्रमित होकर पता पूछते रहते हैं मरीज और परिजन

# जहां टीबी वार्ड वहां लगा है आईसीयू वार्ड का बोर्ड




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल में करोड़ों की मशीनों से मरीजों की जांच, उपचार सहित अन्य बड़े कार्यों पर तो प्रबंधन का ध्यान है, लेकिन कई छोटी-छोटी बुनियादी जरूरतों की तरफ से अधिकारी मुंह मोड़े हुए हैं। इन अनदेखियों का खामियाजा मरीजों, उनके परिजनों सहित अस्पताल आने वाले आमजनों का उठाना पड़ता है।

इसी तरह की अनदेखी पुराने अस्पताल परिसर के खजूर वाले वार्ड कैंपस में पूर्व में बने आईसीयू वार्ड में कई महीनों से नजर आ रही है। दरअसल, अब इस आईसीयू में टीबी के मरीजों को शिफ्ट कर दिया गया है। ऐसे में आईसीयू वार्ड के बोर्ड के स्थान पर टीबी वार्ड का बोर्ड लगवाया जाना चाहिए था लेकिन इस तरफ प्रबंधन द्वारा ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है। इस लापरवाही के चलते टीबी के मरीजों के साथ ही टीबी के मरीजों से मिलने आने वाले लोग भी भ्रमित होकर यहां-वहां टीबी वार्ड का पता पूछते नजर आते हैं। स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रबंधन से मांग की है वार्ड के बोर्ड को बदलवाया जाए ताकि भ्रम की स्थिति ही पैदा न हो।

### काऊकेचर भी हुआ खराब

अस्पताल परिसर में गायों, कुत्तों सहित अन्य आवारा मवेशियों की आवाजाही रोकने पुराने अस्पताल के एंटेस पर जाली वाला काऊकेचर लगवाया गया था। उक्त काऊकेचर भी अब पूरी तरह से खराब हो चुका है जिसके चलते परिसर में आवारा मवेशियों का प्रवेश नहीं रुक पा रहा है। अगर प्रबंधन इन बातों पर ध्यान दे तो काफी परेशानियों से बचा जा सकता है।

### जनसंघ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया

**विदिशा।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर अटल स्मृति समिति विदिशा द्वारा जनसंघ के वरिष्ठ एवं सम्माननीय कार्यकर्ताओं का घर-घर जाकर गरिमामय सम्मान किया गया। इस अभियान का उद्देश्य संगठन निर्माण, वैचारिक संघर्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना रहा। पूर्व विधायक राधारमण भार्गव सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया।

## लगा निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

# महिला शक्ति सम्मान व वसंत उत्सव का आयोजन



**खुजनेर।** अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा भारतवर्ष महिला इकाई जिला राजगढ़ की जिला अध्यक्ष भावना शैलेन्द्र नागर के नेतृत्व में रविवार को मधुकुंज अकादमी, जीरापुर रोड खुजनेर में महिला शक्ति सम्मान एवं वसंत उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला महिला इकाई कार्यकारिणी द्वारा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अखिल भारतीय धाकड़ महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्षा कृष्ण मंडलोई रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विभूति कृष्णकांत धाकड़ ने की।

इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सरिता पटेल, मोना सुस्तानी एवं कमला रोडमल नागर उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथियों में गिरिजा नागर, भावना पटेल, मोनिका नागर, नीलम चौधरी, गरिमा नागर, पूजा नागर शामिल रहीं। सम्मेलन में राजगढ़ जिले की सभी तहसीलों से बड़ी संख्या में मातृ शक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिला शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन एवं महिलाओं की आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्य अतिथि कृष्ण मंडलोई ने महिलाओं से संगठित होकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष विभूति कृष्णकांत धाकड़ ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष भावना शैलेन्द्र नागर ने अपने उद्बोधन में बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षित करना ही समाज को सशक्त बनाने का सबसे मजबूत माध्यम है। कार्यक्रम के अंतर्गत समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं का महिला शक्ति सम्मान के माध्यम से सम्मान किया गया। वसंत उत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को विशेष रूप से आकर्षक बनाया। कार्यक्रम में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं नागरिकों ने नेत्र जांच कराकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

# बिजली न मिलने से आक्रोशित किसानों ने हाईवे पर लगाया जाम, मांग पर अड़े

## एक घंटे अवरुद्ध रहा राजगढ़-ब्यावरा मार्ग



**राजगढ़।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के लिए प्रतिदिन 10 घंटे बिजली प्रदाय किए जाने के वादे खोखले साबित हो रहे हैं। प्रतिदिन 10 घंटे तो दूर एक घंटे बिजली भी कई ग्रामों में नहीं दी जा रही है। इसके साथ ही घरेलू कनेक्शनों की बिजली तो कभी आती है और कभी दो-चार दिन नहीं आ पाती। इसी से आक्रोशित क्षेत्र के कई किसानों ने सोमवार दोपहर जयपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे पर राजगढ़-ब्यावरा के बीच जाम लगा दिया। गुस्साए किसान सिंचाई के लिए 10 घंटे बिजली देने की मांग पर अड़े हुए थे। किसानों सहित ग्रामीणों द्वारा लगाए गए इस जाम के चलते हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। किसानों की समस्या को देखते हुए पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर भी मौके पर पहुंचे और किसानों की मांगों को जायज ठहराया।

### एक घंटे के जाम के बाद माने किसान

इाईवे पर लग रहे जाम की सूचना के बाद राजगढ़ एसडीओपी अरविंद दिवाकर सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और आक्रोशित किसानों को समझाते हुए जाम खुलवाने का प्रयास किया। इसके बाद भी किसान अपनी मांग पर अड़े रहे। किसानों का कहना था कि हर बार आश्वासन देकर उन्हें लौटा दिया जाता है। बाद में विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर किसानों एवं ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उन्हें आगे से नियमानुसार ही बिजली प्रदान की जाएगी। इसके बाद किसान माने और चक्काजाम खत्म किया।

## प्रशासनिक आदेशों की उड़ाई धज्जियां

# भैंसवा माता मेले में पार्किंग के नाम पर श्रद्धालुओं से मनमानी वसूली

**सारंगपुर।** भैंसवा माता मेले में श्रद्धालुओं की आस्था का लाभ उठाते हुए पार्किंग के नाम पर खुलेआम मनमानी वसूली का मामला सामने आया है। प्रशासन द्वारा पूर्व में जारी आदेश के अनुसार मेले में टू-व्हीलर वाहनों के लिए 10 रुपए तथा फोर-व्हीलर वाहनों के लिए 20 रुपए पार्किंग शुल्क निर्धारित किया गया था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आई। मेले में तैनात स्थानीय पार्किंग ठेकेदारों द्वारा बाहर से आए श्रद्धालुओं से टू-व्हीलर वाहन के 50 रुपए और फोर-व्हीलर वाहन के 100 रुपए तक वसूले गए। निर्धारित शुल्क से कई गुना अधिक राशि लिए जाने को लेकर पार्किंग स्थलों पर श्रद्धालुओं और पार्किंग कर्मियों के बीच हल्का-फुल्का विवाद भी हुआ श्रद्धालुओं का कहना है कि प्रशासनिक आदेशों के बावजूद अवैध रूप से अधिक राशि वसूली जाना बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। मेले में दर्शन के लिए दूर-दराज से पहुंचे भक्तों के साथ इस तरह की लूट उनकी आस्था को ठेस पहुंचाने वाली है। प्रशासन की लापरवाही के चलते पार्किंग ठेकेदारों की मनमानी खुलकर सामने आई है। यदि समय रहते सख्त निगरानी और कार्रवाई नहीं की गई तो श्रद्धालुओं का भरोसा प्रशासनिक व्यवस्थाओं से उठ सकता है। अब जरूरत है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### राजकीय सम्मान के साथ 27वां देहदान

**विदिशा।** आज्ञाराम कॉलोनी गांधी नगर निवासी स्व. राजाराम पवार का देहदान रविवार को राजकीय सम्मान के साथ संपन्न हुआ। विकास पचौरी फाउंडेशन के देहदान जागरूकता मिशन अंतर्गत उनका पार्थिव शरीर अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज को सौंपा गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने तिरंगा अर्पित कर पुलिस बल ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वर्ष 2019 में स्व. पवार एवं उनकी पत्नी ने देहदान का संकल्प लिया था। मेडिकल कॉलेज में फाउंडेशन के सहयोग से किया 27वां देहदान है।

## सामाजिक सरोकार की मिसाल बना भरतगढ़ हनुमान मंदिर का निःशुल्क कन्या विवाह



**नरसिंहगढ़।** नगर के प्राचीन भरतगढ़ हनुमान मंदिर समिति द्वारा आयोजित निःशुल्क कन्या विवाह कार्यक्रम धार्मिक विधि-विधान एवं सामाजिक सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। आयोजन के तहत नगर में भव्य बारात निकाली गई, जिसका नागरिकों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और मंगल गीतों के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी कार्यक्रम में शामिल हुए। समाजसेवियों, युवाओं एवं महिला मंडलों की सहभागिता से आयोजन ने सामाजिक एकता और सहयोग का संदेश दिया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों के अनुसार कन्या विवाह से संबंधित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं समिति द्वारा निःशुल्क की गईं, जिससे जरूरतमंद परिवार को सम्मानपूर्वक वैवाहिक संस्कार संपन्न कराने में सहयोग मिला। कार्यक्रम के समापन अवसर पर नवदंपति को आशीर्वाद प्रदान किया गया। समिति ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले दानदाताओं, कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## श्री स्पोर्ट आल ऐसे सीरीज का शुभारंभ

# आत्म निर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम : टेटवाल



**सारंगपुर।** खेल जीवन का अहम अंग है। खेलो से जीवन तंदुरुस्त रहता है वहीं खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नगर का एवं प्रदेश का नाम रोशन करते हैं। युवा को खेलने के लिए अच्छे एवं गुणवत्ता पूर्ण खेल सामग्री का होना आवश्यक है। इसी श्रंखला में श्री स्पोर्ट आल ऐसे सीरीज पर सभी प्रकार की खेल सामग्री उपलब्ध होने से नगर एवं आस पास के खिलाड़ियों को सुविधा होगी। यह बात दीपक शर्मा की श्री स्पोर्ट आल ऐसे सीरीज का शुभारम्भ करते हुए कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कही।

इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष अक्षय सक्सेना महादेव मित्र मंडल नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ ध्रुव भल्ला नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा। पर्व नगर पालिका अध्यक्ष रूपल प्रमोद सदानी। गोर्वधन प्रसाद सक्सेना राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सादानी। माली समाज के लीला अध्यक्ष संतोष पुष्पद नगर अध्यक्ष शिव काका डॉ हेमेंद्र सिंह सोलंकी नगर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी डॉ अंकित यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सेना से सेवानिवृत्त होकर गांव लौटे राकेश कुमार किया भव्य स्वागत

**खुजनेर।** भारतीय थल सेना में देश की सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त होकर अपने गृह ग्राम चौंडापुरा लौटे सैनिक राकेश कुमार यादव का खुजनेर नगर में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर ढोल-धमाकों के साथ विशाल स्वागत जुलूस निकाला गया, जिसमें देशभक्ति गीतों और भारत माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा जुलूस में हजारों की संख्या में ग्रामीण, युवा, पूर्व सैनिक एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर पुष्पवर्षा के साथ सैनिक का अभिनंदन किया। देशभक्ति संगीत और जोश से भरे माहौल ने इस अवसर को अविस्मरणीय बना दिया ग्रामीणों ने कहा कि राकेश कुमार यादव ने भारतीय सेना में रहकर न केवल अपने गांव बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी देशसेवा आने वाली पीढ़ी के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उल्लेखनीय है कि ग्राम चैंडापुरा से अनेक सैनिक वर्तमान में भी भारत माता की रक्षा में सेवा दे रहे हैं, जिससे गांव को विशेष पहचान मिली है सेवानिवृत्ति के उपरांत मिले इस स्नेह और सम्मान से राकेश कुमार यादव भावुक नजर आए। उन्होंने सभी ग्रामवासियों, युवाओं और नगरवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश सेवा का अवसर उनके जीवन का सबसे बड़ा गौरव रहा है।



# आस्था और विश्वास का देखने को मिला संगम, लाखों श्रद्धालु हुए एकत्रित




**सारंगपुर।** पौराणिक परम्परा अनुसार सदियों से चली आ रही परम्परा अनुसार रविवार को पूर्णिमा के पावन अवसर पर मालवांचल के प्रसिद्ध देवी धाम माता बिजासन धाम भैंसवा माताजी में माता बिजासन की पालकी शोभायात्रा निकाली गई। माता बिजासन के प्रति आस्था और विश्वास का भाव पालकी यात्रा में एक साथ देखने को मिला।

रात्रि आठ बजे के बाद शुभ मुहूर्त में विधिविधान के साथ सबसे पहले मंदिर में पालकी को सजाया गया उसके बाद माता बिजासन के दिव्य स्वरूप विग्रह को पालकी में पुजारी परिवार द्वारा विराजित किया गया इस पालकी यात्रा (डोली) निकालने की यह परम्परा सदियों से माताजी सेवक पण्डाजी परिवार द्वारा सम्पन्न की जाती है। भव्य आतिशबाजी ओर मंगलगान के पश्चात माता की डोली को राज्यमंत्री डॉ गौतम टेटवाल, पुजारी रामचंद्र नागर, कैलाश चंद्र, रामबाबू वीआईपी जनपद अध्यक्ष देवनारायण सहित तहसीलदार आकाश शर्म सहित अन्य के द्वारा उठाया गया। पहले विश्राम स्थल बड़ी गादी के समीप पालकी यात्रा करीब दो घंटे रुकी यह पर नायक मीना मौसी ब्यावरा के साथ आए सैकड़ों किन्नरों द्वारा माता के भजनों के साथ राई बधाई नृत्य गाकर अपनी ओर आकर्षित किया। पहले विश्राम स्थल पर ही हजारों भक्तों द्वारा माता की पालकी में विराजित माता के दिव्य स्वरूप के दर्शन किए।

## समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए कई अहम निर्देश

# खिलचीपुर सीएमओ को सस्पेंड करने दिया नाटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विभागीय योजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए हर सोमवार आयोजित होने वाली टीएल बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा काफी तल्ख तेवर में नजर आए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर दूषित पानी की जांच नहीं करने पर सीएमओ खिलचीपुर को निलम्बन का नोटिस देने एवं सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण नहीं करने पर ब्यावरा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को भी नोटिस जारी किया गया।

टीएल बैठक में संकल्प से समाधान कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के कमजोर प्रदर्शन पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। समीक्षा के दौरान शिकायतों को बार-बार ट्रांसफर किए जाने पर संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया। सड़क के अधिपत्य संबंधी जानकारी के लिए पीडब्ल्यूडी तलेन के अधिकारियों भी नोटिस प्रदान करने के निर्देश उन्होंने प्रदान किए। बैठक में सार्थक एप पर अटेंडेंस की विभागवार गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि डीईओ, डाइट एवं डीपीसी की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए अन्यथा संबंधित का वेतन रोक दिया जाए। गत 25 दिनों से लॉगिन नहीं करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को नोटिस जारी कर एक वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही के निर्देश दिए गए तथा ऐसे अधिकारियों के नाम चिन्हित करने के निर्देश भी दिए गए।

### अवमानना प्रकरणों की भी हुई समीक्षा

टीएल बैठक में अवमानना प्रकरणों की समीक्षा की गई और लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान माइक्रो इरिगेशन सिस्टम में सुधार लाने तथा मृदा परीक्षण कार्यों की नियमित एवं गहन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा दिए गए। इस अवसर पर जिपं सीईटो डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्ट प्रताप सिंह चैहान, एसडीएम निधि भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर ज्योति राजोरे सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## जब-जब धरती पर आसुरी शक्तियां बढ़ी भगवान के अवतार हुए : पं. नागर



**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम काशीखेड़ी में महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भागवत कथा वाचक पंडित सुरेश बिहारी नागर ने कृष्ण जन्म प्रसंग में बताया कि जब जब धरती पर आसुरी शक्तियों का अत्याचार बड़ा तब भगवान के अवतार हुए। कंस का अत्याचार इतना बढ़ गया था कि भगवान कृष्ण ने अवतार लिया और देवकी ने कृष्ण को जेल में जन्म दिया जिन्हें यशोदा नंद बाबा के यहां पहुंचा गया। कृष्ण का जन्म आसुरी शक्तियों के विनाश के लिए हुआ। पंडित नागर ने भागवत कथा के माध्यम से कहा कि प्राणी मात्र से भी अनजाने में गलतियां हो जाती है जिसमें सूक्ष्म जीव मर जाते हैं।यह सब हमें जो नजर नहीं आते हैं एवं भुलवश होता है जिसमें पहली गलती झाड़ू लगाने से दुसरी गलती पडेरी के यहां रखें बर्तन, तीसरी गलती लकड़ी में बारिक जीव तथा चोथी गलती अनाज में सूक्ष्म जीव जब गृहणी अपने काम को करती है तो यह सूक्ष्म जीव हमें दिखते नहीं है ओर हमसे गलती होती है ओर यह जीव मरते हैं। इसलिए हमें प्रतिदिन देहली , पडेरी पर सायंकाल को दीपक लगाना चाहिए तथा दरवाजा पर आयें साधु संत को दान देना चाहिए , प्रतिदिन गाय एवं कुत्ते को रोटी दीजिए। जिससे गलती वश हुए हमारे अपराध ईश्वर माफ करेंगे।